# क्राइम पेट्रोल

वर्षः 16 अंकः 180 देहरादून शुक्रवार 27 मई 2022 | livecrimepatrol@gmail.com | (RNI No. UTTHIN/2005/16772) पृष्ठः 8 मूल्यः 1 रूपये


## चोरी की 17 मोटरसाइकिल सहित 6 शातिर काबू



स्टाफ रिपोर्टर

देहरादून। डोइवाला पुलिस ने चोरी की 17 बाइक्स समेत छह शातिर युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 25 मई को अठूरवाला निवासी राकेश नेगी ने शिकायत दी कि 19 मई को चोरों ने हिमालयन अस्पताल की पार्किंग से उसकी बाईक चोरी कर ली। इसी तरह थानों निवासी बलवीर सिंह, गुमानीवाला निवासी आशीष कुमार ने भी पुलिस को शिकायत देते हुए कहा कि चोरों ने उनकी बाइक चुरा ली है।

डीआईजी, एसएसपी की ओर से चोरों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए। जिस पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस टीम ने सभी घटना स्थलों के आसपास आने और जाने वाले संभावित रास्तों पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को चैक कर स्थानीय स्तर पर मुखबिरों को लगाया गया और थाना क्षेत्र में आने और जाने वाले सभी वाहनों की संवेदनशील स्थानों पर सघन चेकिंग की गई तथा पूर्व में वाहन चोरी की घटनाओं में जेल गए अपराधियों का यथाशीघ्र सत्यापन किया गया और सक्रिय अपराधियों की निगरानी की गयी। इसी क्रम में गठित टीमों द्वारा जौलीग्रांट अस्पताल के पार्किंग तथा अन्य स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरो मे क्षेत्र मे घटना मे चोरी गई बाइकों को ले जाते हुए एक संदिग्ध दिखाई दिया जिसकी तलाश की गयी। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने असद नाम के युवक को चोरी की 1 बाइक समेत गिरफ्तार किया। पूछताछ में पुलिस को असद ने बताया कि वह पहले आढती का काम करता था। आढती के काम में नुकसान होने लगा और उस पर कर्जा बहुत ज्यादा हो गया। आर्थिक तंगी से परेशान होकर एक दिन वह किसी जानने वाले को देखने हिमालय अस्पताल जौलीग्रांट आया था। जहां पर एक किनारे पर एक मोटरसाइकिल खड़ी थी, उसके पास मोटरसाइकिल की एक चाबी थी, उस चाबी की सहायता से उसने उक्त मोटरसाइकिल को खोल दिया और गाड़ी लेकर चला गया। उसके बाद असद द्वारा देहरादून के कई इलाकों से इसी तरह गाड़ियों की चोरी की गई इस काम में उसके साथ मंगलौर के कई गाड़ियों के मिस्त्री शामिल थे, इस तरह असद को अच्छे पैसे मिलने लगे और उसे चोरी की लत लग गई असद केवल सुपर स्प्लेंडर गाड़िया की चोरी किया करता था। पूछताछ के आधार पर पुलिस ने मंगलौर निवासी असद व उसके साथियों वसीम, अमजद, शौकीन, साबिर तथा मिसम को चोरी की 16 और अन्य बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव शुरू किया

रुड़की, नगर संवाददाता। नगर निगम द्वारा डेंगू से बचाव अभियान के अंतर्गत प्रत्येक वार्ड एवं मोहल्लों में स्प्रे तथा कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव कराया जा रहा है। मेयर गौरव गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी आने वाले मोहल्लों, चौराहों, गलियों में डेंगू के प्रभाव को कम करने तथा इससे बचाव के लिए निगम के कर्मचारियों को लगाया गया है। जो घर–घर जाकर स्प्रे और कीटनाशक दवाइयों के छिड़काव का कार्य कर रहे हैं। गर्मी के मौसम में मच्छरों तथा डेंगू का प्रकोप बढ़ जाता है, जिससे बचाव के लिए नगर निगम पूरी तरह गंभीर है। नगर आयुक्त विजय नाथ शुक्ला ने कहा कि डेंगू जैसी महामारी से बचने के लिए जहां स्प्रे तथा कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव आवश्यक है। वहीं लोगों को भी इसके प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि खुले में पानी जमा ना होने दे तथा स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। कूड़ा वह गंदगी को कूड़ेदान अथवा निगम के कूड़ा वाहनों में ही डालें, जिससे कि मच्छरों आदि उत्पन्न होने का खतरा पैदा ना हो सके।

## एक महिला शिक्षित होती है तो पूरा समाज शिक्षित होता हैः गणेश जोशी



बनबसा, नगर संवाददाता। चम्पावत विधानसभा में होने वाले उपचुनाव का मतदान दिवस जैसे–जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे–वैसे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता छोटी–छोटी सभाओं के माध्यम से मतदाताओं तक पहुँच बना रहे हैं।

शुक्रवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सरकार में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने टनकपुर के निकट बस्तिया एवं मनिहारगोठ में महिलाओं द्वारा आयोजित सभाओं को सम्बोधित किया। मंत्री ने कहा कि चम्पावत की महान जनता का सौभाग्य है कि उन्हें सीधा–सीधा मुख्यमंत्री बनाने का मौका मिल रहा है। मंत्री ने कहा कि 31 मई को भाजपा प्रत्याशी पुष्कर सिंह धामी को अधिक से अधिक मत देने हैं और सभी को मतदान के लिए प्रेरित भी करना है। हमारा ध्येय होना चाहिए कि पहले मतदान, फिर जलपान। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा महिलाओ को सशक्त करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उत्तराखंड सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाए महिलाओं को रोजगार देने एवं उनको स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से चलायी जा रही है। जिस क्षेत्र का मुख्यमंत्री होता है, वहाँ का विकास स्वयं हो जाता है। मैं भी मुख्यमंत्री जी के लिय सीट छोड़ रहा था, किंतु उन्होंने चम्पावत को चुना। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जीतना सहयोग भाजपा सरकार ने किया है, शायद ही किसी ने किया होगा। उन्होंने मातृशक्ति से अनुरोध किया है इस बार पुष्कर सिंह धामी 50000 से अधिक मतों से विजयी बनाना है। पूर्व मंत्री स्वामी यतिश्वरानंद ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सर्टिफिकेट देने का काम चम्पावत विधानसभा की मातृशक्ति करेगी। उन्होंने 31 मई को भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि धामी जी जीत रहे हैं, बस हमको उनकी जीत को एतिहासिक बनाना है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री कैलाश पंत, माया मेहर, चंद्रा पांडेय, मंजु ओली, शंकर सिंह मेहर, रजनी जोशी, लक्ष्मी धामी, अंजु चंद, पुष्पा फिमाल, अमजद आदि उपस्थित रहे।

## नाबालिग के अपहरण में युवक गिरफ्तार

देहरादून, स्टाफ रिपोर्टर। स्कूल से लौट रही 14 वर्षीय बालिका को अपहरण कर ले जाने वाले आरोपित युवक रजत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार सेलाकुई निवासी परिवार की ओर से शिकायत दी कि शिवनगर निवासी रजत तोमर पुलिस हरपाल सिंह उनकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस के अनुसार आरोपित को धूलकोट के समीप से गिरफ्तार किया गया है।

## छोटी-छोटी खबरें

### दस दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

देहरादून। डीआईजी एसएसपी देहरादून ने दस दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में फेरबदल कर उनको तत्काल प्रभाव से अपना कार्यभार सम्भालने के आदेश दिये हैं। एसएसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार डीआईजी एसएसपी जन्मेजय खंडूडी ने बीरवार को दस दरोगाओं का तबादला करते हुए जयवीर सिंह को चौकी प्रभारी डाकपत्थर से चौकी प्रभारी सभावाला के पद पर भेजा। इसके साथ ही अर्जुन गुसांई को चौकी प्रभारी मयूर विहार से चौकी प्रभारी डाकपत्थर, परवेश रावत को चौकी प्रभारी सभावाला से चौकी प्रभारी नालापानी, कमलेश कुमार गौड़ को चौकी प्रभारी नालापानी से चौकी प्रभारी बालावाला, विकेन्द्र कुमार को चौकी प्रभारी धर्मावाला से चौकी प्रभारी लालतप्पड, कविन्द्र को चौकी प्रभारी लालतप्पड से कोतवाली पटेलनगर, रजनीश सैनी को चौकी प्रभारी कुल्हाल से चौकी प्रभारी धर्मावाला, अमित को चौकी प्रभारी जोगीवाला से चौकी प्रभारी मयूर विहार व दीपक द्विवेदी को कोतवाली विकासनगर से चौकी प्रभारी जोगीवाला बनाया गया। सभी चौकी प्रभारियों को तत्काल प्रभाव से अपना कार्यभार सम्भालने के आदेश दिये गये।

### 31 मई को अंतिम तारीख, राशन कार्ड लौटाने वाले अपात्रों की उमड़ने लगी भीड़

कोटद्वार। उत्तराखंड खाद्य पूर्ति विभाग की पात्र को हां, अपात्र को ना योजना के तहत कोटद्वार पूर्ति विभाग कार्यालय में राशन कार्ड जमा करने वालों की भारी भीड़ लग रही है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन को पुलिस बल तैनात करना पड़ रहा है। पूर्ति विभाग कोटद्वार कार्यालय की मानें तो कोटद्वार नगर निगम के 40 वार्डों में 36,104 राशन कार्ड धारक मौजूद हैं। जिनमें से अब तक 16,46 राशन कार्ड कोटद्वार पूर्ति विभाग में जमा करा दिए है। सफेद राशन कार्ड 786 कार्डों में 3,344 यूनिट राशन विभाग में जमा हो गये हैं। पीला कार्ड के तहत 800 राशन कार्डों में 2,848 यूनिट राशन व अंत्योदय कार्ड के तहत 15 राशन कार्ड में 60 यूनिट राशन धारकों ने कार्ड जमा करवा चुके हैं। कोटद्वार खाद्य पूर्ति विभाग के अधिकारी ने कहा अपात्रों के राशन कार्ड जमा करने की अंतिम तिथि 31 मई है। जिसके बाद घर–घर जा कर भौतिक सत्यापन के बाद उपभोक्ताओं के नियमानुसार राशन कार्ड बनेंगे। कोटद्वार खाद्य पूर्ति विभाग में राशन कार्ड धारकों की लंबी कतार लग रही है। विभाग ने जानकारी दी कि कार्ड जमा कराने की आगामी 31 मई अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। जिसके बाद डोर टू डोर निरीक्षण कर राशन कार्ड का सत्यापन करने के लिए टीम निर्धारित कर उपभोक्ताओं के राशन कार्ड बनाए जायेंगे।

## आपकी आवाज

**प्रिय पाठकों**

आप अपने क्षेत्र में भ्रष्टाचार, जनहित से जुड़ी अनेकों समस्याओं से अवगत होते हैं। इसके लिए आवाज भी उठाते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार व काला–बाजारी के इस युग में आपकी आवाज यदि कहीं दबकर रह जाती है। क्राइम पेट्रोल आपके साथ मिलकर आपकी आवाज उठाएगा। आप कोई जानकारी व समाचार समेत किसी भी प्रकार की कोई सूचना हमें देना चाहते हैं, तो आपके सुझाव आमंत्रित हैं। भ्रष्टाचार को मिटाने की इस मुहिम में हम आपके साथ हैं। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। हमें संपर्क करें।

**क्राइम पेट्रोल लाइवः**

प्रवीन भारद्वाज– 9837625470

**डीएवीपी ( भारत सरकार ) द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त**

आर.एन.आई. रजि. नं० UTTHIN/2005/16772

डाक पंजी० नं० UA/0/DDN/609/2011-13

**दूरभाष : 9837625470**

**फैक्स : 0135-2740155**

ई-मेलः crimepatroleditor@gmail.com

**visit:- https://crimepatrol.live**

# अब काम के आधार पर मिलेगा पुलिस पदक

स्टाफ रिपोर्टर



अल्मोड़ा। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने मुख्यालय का भ्रमण कर पुलिस कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बढ़ते साइबर अपराधों के मामलों पर तुरंत कार्रवाई के लिए सतर्कता से काम करने के निर्देश भी दिए। डीजीपी ने विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान सम्मेलन में पुलिस कार्मिकों की समस्याएं सुनते हुए उनके निस्तारण का आश्वासन दिया गया। कहा कि काम में लापरवाही पर कार्रवाई होगी और जिम्मेदारी से काम पर ईनाम दिया जाएगा। पुलिस मेडल रैंक व उम्र के बजाय काम के आधार पर तय होंगे। बैठक के बाद डीजीपी ने जागेश्वर धाम के दर्शन किए। जिसके बाद वह चम्पावत जिले के लिए रवाना हो गए। पुलिस लाइन पहुंच डीजीपी ने कहा कि चारधाम की यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पुलिस लाइन में प्रशासनिक भवन के निर्माण की बात कही। इसके बाद पुलिस सम्मेलन में सभी कार्मिकों की समस्याएं सुनी।

डीजीपी ने पुलिस कर्मचारियों के कल्याण को प्राथमिकता देते हुए समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिया। कहा कि जो पुलिस अधिकारी या कर्मचारी उत्कृष्ट कार्य करेंगे उन्हें सम्मानित किया जाएगा। वहीं गलत कार्य करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस मेडल अब रैंक या उम्र नहीं बल्कि काम देखकर दिया जाएगा। डीजीपी ने सभी पुलिस कर्मियों को शिकायतकर्ताओं, यात्रियों एवं आम नागरिकों से बेहतर व्यवहार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ड्रग्स, साइबर ठगी, महिला सुरक्षा चुनौती का विषय है। ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाए। साईबर अपराध पर चिंता जताते हुए कहा कि आम नागरिकों की जीवनभर की कमाई ठग एक झटके में उड़ा रहे हैं, साईबर ठगी के मामले सामने आने पर ठगों को गिरफ्तार करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं डा. नीलेश आनंद भरणे ने कहा कि डीजीपी की ओर से पूर्व में जारी किए गए व्हट्सएप नंबर पर अपनी समस्याओं से सीधे संवाद किए जा सकते हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार राय ने डीजीपी को जिले की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन पुलिस उपाधीक्षक ओशीन जोशी ने किया।

# खस्ताहाल सड़क से कई गांवों के ग्रामीण परेशान

पिथौरागढ, नगर संवाददाता। मुनस्यारी क्षेत्र के अंतर्गत मदकोट से जौलढूंगा तक बनी सड़क खस्ताहाल है। सड़क से जुड़े आधा दर्जन गांवों के ग्रामीण मानसून काल को लेकर परेशान हैं। ग्रामीणों ने मानसून काल से पहले सड़क नहीं सुधारने पर लोनिवि के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है। मदकोट से जौलढूंगा तक बनी सड़क से बसंतकोट, उछैती, फल्याटी, ढीलम सहित आधा दर्जन गांव जुड़े हैं। ग्रामीणों के तहसील मुख्यालय और बाजार पहुंचने के लिए यही एकमात्र सड़क है। सड़क लंबे समय से क्षतिग्रस्त हालत में हैं। सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम सिंह ने बताया कि सड़क कई जगह टूट गई है। जगह–जगह गड्ढों से पटी सड़क के किनारे नालियां नहीं होने से सड़क पर मलबा और कीचड़ जमा है। पिछले दिनों हुई बारिश से सड़क की हालत और खस्ताहाल हो गई है। अब मानसून काल नजदीक है। ज्यादा बारिश होने की स्थिति में ग्रामीणों को पिछले वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी दिक्कत झेलनी पड़ेगी। पिछले वर्ष सड़क क्षतिग्रस्त होने से लंबे समय तक वाहनों का आवागमन नहीं हो सका था। ग्रामीणों को कई किलोमीटर की पैदल दूरी तय कर मदकोट बाजार तक पहुंचना पड़ा था। गांवों तक राशन नहीं पहुंचने से तमाम दिक्कत आई थी। डीडीहाट पहुंचे विक्रम सिंह ने लोनिवि के अधिशासी अभियंता से मुलाकात कर मानसून काल से पहले सड़क को ठीक कराए जाने की मांग की। विक्रम ने कहा है कि सड़क की हालत नहीं सुधारे जाने पर ग्रामीण लोनिवि के खिलाफ आंदोलन को बाध्य होंगे।

# यात्रा मार्ग पर तैनात पैरामिलिट्री फोर्स के जवान कर रहे यात्रियों की मदद

रुद्रप्रयाग, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। चारधाम यात्रा मार्ग पर सरकार की ओर से यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा के लिए बेहतर प्रबंध किए हैं। यात्रियों की मदद के लिए पैरामिलिट्री जवानो को भी तैनात किया गया है। जो कि जरूरत पड़ने पर यात्रियों की हर संभव मदद कर रहे हैं। केदारनाथ यात्रा के चलते विभिन्न पड़ावों पर जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस के साथ–साथ पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों और एनडीआरएफ यात्रियों को बेहतर व्यवस्थाएं दे रही है। साथ ही हर संभव यात्रियों की मदद कर रही है। सहायक सेनानायक एनडीआरएफ अजय पन्त के नेतृत्व में यात्रा पड़ाव लिंचौली के पास 81 वर्षीय महिला जो कि लो बीपी और हाइपोथर्मिया के कारण परेशान थी, उसका रेस्क्यू कर एनडीआरएफ टीम द्वारा डीडीआरएफ और उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। एसडीआरएफ के सहयोग से एक व्यक्ति को इमरजेंसी में हेलीपैड तक ले जाया गया। केदारनाथ धाम यात्रा पर आए एक दम्पति जिनका कि छोटा बच्चा अचानक बुखार से तप रहा था और इनके माता–पिता काफी परेशान हो गए। एनडीआरएफ टीम द्वारा बच्चे को प्राथमिक उपचार देकर नजदीकी मेडिकल रिलीफ प्वाइंट पर ले जाया गया, जहां पर बालक को स्वास्थ्य लाभ मिलने पर गंतव्य के लिए रवाना किया गया। चारधाम यात्रा पर आए किन्हीं श्रद्धालुओं का बैग जो कि छानी कैंप के पास छूट गया, उक्त बैग को चौकी प्रभारी लैंचोली के सुपुर्द किया गया जिस पर पुलिस द्वारा अनाउंसमेंट कर बैग को सम्बन्धित यात्री तक पहुंचाया गया। इसके अतिरिक्त एनडीआरएफ टीम द्वारा यात्रा मार्ग पर चलने वाले श्रद्धालुओं को यहां की परिस्थितियों के अनुरूप आवश्यक दिशा–निर्देश दिए जा रहे हैं तथा श्रद्धालुओं को सहारा देकर उनकी छोटी से छोटी हर जरूरी मदद की जा रही है। जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस सहित अन्य सहायक बल एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, पैरामिलिट्री फोर्स आदि द्वारा केदारनाथ धाम एवं यात्रा मार्गों पर आ रहे श्रद्धालुओं की लगातार मदद की जा रही है, जिसका कि श्रद्धालुओं द्वारा आभार प्रकट किया जा रहा है।


# राशन विक्रेताओं का गुस्सा फूटा, पूर्ति निरीक्षक का घेराव किया

विकासनगर, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। आदर्श राशन डीलर एसोसिएशन से जुड़े राशन विक्रेताओं ने पुरोड़ी स्थित राशन गोदाम में पूर्ति निरीक्षक का घेराव कर अनियमितता बरतने का आरोप लगाया। आरोप है कि राशन विक्रेताओं की ओर से कैशसेल रजिस्टर मांगे जाने पर उन्हें नहीं दिखा गया। राशन डीलरों ने बोरी में कम राशन मिलने पर जमकर हंगामा किया। गुरुवार को आदर्श राशन डीलर एसोसिएशन से जुड़े राशन विक्रेता पुरोड़ी स्थित राशन गोदाम पहुंचे। राशन विक्रेताओं ने पूर्ति निरीक्षक से कहा कि जौनसार बावर क्षेत्र में सात राशन गोदाम हैं। लंबे समय से सभी गोदाम में खराब राशन आ रहा है। किसी–किसी गोदाम में लूज राशन भी आ रहा है। कई बार गोदाम से बिना तौल के राशन दिया जाता है। शिकायत करने पर हर बार अधिकारी राशन विक्रेताओं पर भारी पड़ते हैं। राशन विक्रेताओं ने पूर्ति निरीक्षक सुखवीर सिंह नेगी से कैशसेल रजिस्टर दिखाने की मांग की। डीलरों का आरोप है कि उन्हें रजिस्टर नहीं दिखाया गया। विक्रेताओं ने बताया कि रजिस्टर में प्रत्येक विक्रेता के हस्ताक्षर के बाद ही राशन वितरित किया जाता है, लेकिन जौनसार बावर के राशन विक्रेताओं को वर्ष 2010 के बाद से रजिस्टर दिखाया ही नहीं जा रहा है। राशन डीलरों का दावा है कि गोदाम में राशन से भरे बोरों का तौल किया गया तो कोई भी बोरी 45 किलो से अधिक वजन की नहीं निकली, जबकि मानक के अनुसार प्रत्येक राशन की बोरी का वजन 50 किलो होना चाहिए। राशन विक्रेताओं ने अनियमितता दूर नहीं होने और कैशसेल रजिस्टर जल्द नहीं दिखाए जाने पर एक जून को सामूहिक त्यागपत्र देने की चेतावनी दी है। घेराव करने वालों में आदर्श राशन डीलर एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री संजय शर्मा समेत अन्य मौजूद थे।

# बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला डोली यात्रा बागनाथ की धरती पहुंची



बागेश्वर, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला डोली यात्रा बागनाथ की धरती बागेश्वर पहुंच गई है। यहां पहुंचने पर मंदिर समिति और स्थानीय लोगों ने फूल मालाओं से डोली का भव्य स्वागत किया। यात्रा संयोजक पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी डोली यात्रा की अगुवाई कर रहे हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने कहा कि यात्रा विगत 23 वर्षों से संचालित की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य विश्व शांति कायम रखना और संस्कृति को जिंदा रखने का संदेश देना है। यात्रा की शुरुआत टिहरी जिले के विकासखंड भिलंगना के ग्यारह गांव हिंदाव के विशौन पर्वत से हुई है। मां जगदीशिला डोली विभिन्न पड़ावों से होकर प्रदेशभर में भ्रमण कर रही है। राणों के अनुसार विशौन पर्वत पर गुरु वशिष्ठ ने तप किया था। नैथानी ने बताया कि डोली 30 दिनों तक उत्तराखंड के 13 जिलों में 1050 किलोमीटर की यात्रा तय करती है। इस दौरान डोली श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देती जाती है। जबकि, यात्रा का समापन गंगा दशहरा के दिन होता है। इस साल विश्वनाथ जगदीशिला डोली यात्रा का शुभारंभ 11 मई को हरिद्वार से हुआ था। मंत्री प्रसाद नैथानी ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य उत्तराखंड को तीर्थाटन के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है।



# नहाने के दौरान नदी में डूबने से युवक की मौत

रामनगर, नगर संवाददाता। बीती देर शाम ग्राम पाटकोट रोड के समीप भंडारपानी के पास कौसी नदी में नहाने के दौरान एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। रामनगर में देर शाम ग्राम पाठकोट के समीप भंडारपानी के पास कोसी नदी में नहाने के दौरान एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। इस मामले में कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि काजी बाग काशीपुर निवासी सद्दाम उम्र 21 वर्ष अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ रामनगर आया था। जहां वह अपने दोस्तों के साथ भंडारपानी के समीप कोसी नदी में नहा रहा था। इसी बीच अचानक वह पानी में डूब गया। वहीं, सद्दाम को डूबता देख उसके दोस्तों ने शोर मचाया तो आसपास के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर नदी से सद्दाम को बाहर निकाला और इलाज के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी रामनगर पहुंच गए। कोतवाल ने बताया कि मृतक का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# सीएम धामी ने कहा टनकपुर क्षेत्र को मॉडल के रूप में विकसित करने का रहेगा प्रयास

चंपावत, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को टनकपुर में रोड शो किया। इसके बाद उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। सीएम धामी ने जनता से समर्थन मांगते हुए प्रदेश के विकास को अपनी प्राथमिकता बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि वह चंपावत के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

गुरुवार को टनकपुर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शारदा चुंगी, प्रजापति धर्मशाला और मनिहारगोठ में रोड शो करने के बाद चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने टनकपुर बनबसा क्षेत्र को एक मॉडल के रूप में विकसित करने की बात कही। इस मौके पर पूर्व विधायक केलाश गहतोडी, भाजपा के जिलाध्यक्ष दीप चंद्र पाठक, पालिका अध्यक्ष विपिन कुमार, पूर्व चेयरमैन हर्षवर्धन सिंह रावत, नारायण सिंह, सुभाष बगोली, पूरन महर, हरीश हैसियत, अमजद हुसैन, दीनदयाल अग्रवाल, विक्रम सिंह आदि मौजूद थे। चंपावत विधानसभा सीट का उपचुनाव 31 मई को होना है। सीएम धामी आज टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कारपोरेशन की जर्नी ऑफ टिहरी डैम कार्यक्रम में भी आज भाग लेंगे। इससे पूर्व बुधवार को सीएम धामी अपने पैतृक गांव हड़खोला पहुंचे थे। यहां पर उन्होंने अपने ईष्ट देवता हरिचंद के मंदिर में पूजा, अर्चना की।

# धारदार हथियार से युवक की हत्या कर खेत में फेंका शव



हल्द्वानी, स्टाफ रिपोर्टर। मुखानी थाना क्षेत्र के मल्ला बमोरी में युवक की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। सुबह मृतक का शव खेत में मिला है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हत्या किसने और क्यों की मामले की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार संजय कालोनी लालडांठ निवासी कुणाल बिष्ट उर्फ सोंटा पुत्र नवल किशोर बुधवार की रात घर से निकला था। मगर वापस नहीं पहुंचा। गुरुवार की सुबह आसपास के लोगों ने मल्ली बमोरी के खेत में उसका शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मुखानी थाना एसओ दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। मृतक के सिर पर धारदार हथियार से कई वार किए गए हैं। साथ ही गले पर सरिए से घाव के निशान है। मृतक का दाहिना हाथ भी तोड़ा गया है। पुलिस के अनुसार मृतक युवक पर डेढ़ साल पहले रोडवेज स्टेशन पर फायर करने के आरोप में हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज हुआ था। मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया जा रहा है। पुलिस का कहना है जांच के बाद हत्यारों का पता चल सकेगा। घटनास्थल पर सोडा व बियर की बोलत मिली है। इससे प्रतीत होता है कि हत्या से पहले हत्यारों ने मृतक के साथ मिलकर शराब पी होगी। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

# सद्दाम हत्याकांड का मुख्य आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा



रुद्रपुर, नगर संवाददाता। कबाड़ के पैसों को लेकर उपजे विवाद के बाद कबाड़ी नवाब अली ने अपने अन्य चार साथियों के साथ मिलकर सद्दाम की हत्या कर दी थी। जिसके बाद शव को रुद्रपुर–काशीपुर हाइवे किनारे झाड़ियों में फेंक दिया था। जिसके बाद पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। देर रात कोतवाली पुलिस ने मुख्य आरोपी नवाब और उसकी महिला मित्र मेहरुम निशा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बताते चलें कि 18 मई को कबाड़ के पैसों को लेकर उपजे विवाद के बाद कबाड़ी नवाब और उसके अन्य चार आरोपियों ने मिलकर सद्दाम की हत्या कर दी थी। गत 20 मई को कोतवाली पुलिस ने दो गंगाराम और शहनवाज को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर शव को बरामद किया था। जबकि एक आरोपी जुबेर को कुछ दिन बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं, इस मामले में मुख्य आरोपी नवाब और उसकी महिला मित्र निशा फरार चल रहे थे। देर रात फरार चल रहे दोनों आरोपियों को बारादरी रोड प्रीत विहार रुद्रपुर से गिरफ्तार कर आरोपियों की निशानदेही पर मृतक सद्दाम के कपड़े आदि बरामद किए गए है। आरोपी नवाब का आपराधिक इतिहास भी है। कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।


Aman Generator House

All Uttarakhand Service



KVA To 25, 62, 82, 125, 250, 280, 320, 500, 750, 1250, KVA Generator also Available For Rent & Old Generator Sala & Purchase & Service

8191001817, 9760407371

Office : Opp IT Park, Sahastradhara Road Dehradun

## मांग को लेकर डीईओ बेसिक से मिले शिक्षक

देहरादून, नगर संवाददाता। विकासनगर, कालसी तथा चकराता के शिक्षकों का एक संयुक्त प्रतिनिधि मंडल राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र रावत की अध्यक्षता में गुरुवार को डीईओ बेसिक से मिला। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों की कमी, सुगम दुर्गम, पदोन्नति और वरिष्ठता सूची सहित कई मुद्दे उठाए। जिस पर डीईओ बेसिक ने सभी पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान धर्मेंद्र रावत ने कहा कि तीनो ब्लॉक में प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में शिक्षकों की कमी के बारे में बताया गया। जिस पर डीईओ ने जल्द पदोन्नति, समायोजन और नियुक्ति से इसे पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने जनपद की वरिष्ठता सूची को जल्द ही अपडेट करवाने की मांग भी की। इसके अलावा कोटिकरण की विसंगति भी जल्द दूर करने को कहा गया। साथ ही तबादला एक्ट में दुर्गम में एक साल का सवा साल मानने वाले मुद्दे को निपटाने की भी मांग की। ये भी मांग की गई कि 2018 से पूर्व पोर्टल में दुर्गम सुगम का अंकन, प्राथमिक सहायक से प्राथमिक प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति शीघ्र ही करवाने की भी मांग की गई। साथ ही 17140 वाले शिक्षकों के लिए कुछ ब्लॉक में निकले रिकवरी आदेश तत्काल रुकवाने की भी मांग की। उधर, एनआईओएस डीएलएड प्रशिक्षित शिक्षकों ने गुरुवार को शिक्षा निदेशालय में धरना दिया। उन्होंने प्राथमिक शिक्षक भर्ती में उन्हें शामिल करने की मांग की। एनआईओएस डीएलएड प्रशिक्षित महासंघ के अध्यक्ष कपिल देव ने बताया कि वे लगातार अपनी मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं हो रही है। महासचिव पवन कैंतुरा ने शासन व प्रशासन से जल्द से जल्द प्राथमिक शिक्षक भर्ती में उन्हें सम्मिलित करने की मांग की। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट के 28 अप्रैल 2022 के अंतरिम आदेश में साफ का था कि एनआईओएस डीएलएड याचिकाकर्ताओं को जल्द से जल्द कॉउंसलिंग में शामिल करें।

## निर्माणाधीन पुल का कुमाऊं कमिश्नर ने किया निरीक्षण



हल्द्वानी, नगर संवाददाता। काठगोदाम स्थित रानीबाग–भीमताल मोटर मार्ग में निर्माणाधीन पुल का कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने विभागीय अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को पुल के निर्माण को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण से जुड़ी सारी बातों को बारीकी से जाना। इस दौरान दीपक रावत ने कहा कि कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गये हैं। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई को पुल की टेस्टिंग की जाएगी। उसके बाद ही पुल को चालू किया जाएगा। साथ ही उन्होंने पुल पर काम कर रहे मजदूरों की सेफ्टी को लेकर भी विभागीय अधिकारी को निर्देश दिए हैं। बता दें, 7 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे इस पुल को पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाया जा रहा है, जिसे जून माह तक पूरा किया जाना है लेकिन कार्य सुस्त गति से चलने के कारण पुल निर्माण में देरी हो रही है।






## वन विभाग की टीम ने देवदार के 24 स्लीपर पकड़े



देहरादून, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। पछवादून के चकराता वन प्रभाग की गश्ती टीम ने कनासर रेंज में गुरूवार तड़के वन तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। वन प्रभाग की टीम ने तड़के तीन बजे एक छोटा हाथी वाहन को रोका। चेकिंग में वाहन में देवदार के 24 स्लीपर बरामद किए गये। साथ ही वाहन से चार वन तस्करों को भी दबोचा गया है। चकराता वन प्रभाग के रेंज अधिकारी महेंद्र सिंह गुसांई ने बताया कि वो अपनी टीम के साथ रात में गश्त कर रहे थे। तभी तड़के करीब तीन बजे चकराता के लोखंडी की ओर से आ रहे एक वाहन को रोका गया तो वाहन में देवदार के 24 स्लीपर लदे हुए थे। वनकर्मियों ने जब वाहन चालक से लकड़ी के दस्तावेज मांगे, तो वाहन चालक दस्तावेज नहीं दिखा पाया। वन कर्मचारियों द्वारा तत्काल ही देवदार के स्लीपर से लदे वाहन को कब्जे में लेकर रिवर रेंज कार्यालय डाकपत्थर लाया गया। वाहन में चालक सहित चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। बरामद किए गए देवदार के स्लीपरों की कीमत करीब 80 हजार रुपए बताई जा रही है।

## संपादकीय..............

# यात्रा सुगम बनाने पर फोकस

रणवीर सिंह चौहान, परिवहन आयुक्त उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में परिवहन विभाग के चारधाम यात्रा मार्ग पर तैनात सम्भागीय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न हुई। बैठक में परिवहन आयुक्त द्वारा चारधाम यात्रा एवं हेमकुण्ड साहिब यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों को वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ–साथ स्थानीय यात्रियों के आवागमन की भी समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये। सुनील शर्मा, सम्भागीय परिवहन अधिकारी, देहरादून द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में लगभग 1100 बसों का संचालन रोटेशन व्यवस्था के अन्तर्गत किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उत्तराखण्ड परिवहन निगम द्वारा भी यात्रा मार्गों पर लगभग 80 वाहने उपलब्ध करायी गयी हैं। ठेका बसों, टैक्सी ६ मैक्सी कैब के अतिरिक्त प्रतिदिन लगभग 100 वाहनें एक धाम दो धाम, चार धाम हेतु प्रस्थान कर रही हैं और लगभग इतनी ही संख्या में वाहने यात्रा पूरी कर लौट रही हैं। वर्तमान में आने वाले तीर्थ यात्रियों की संख्या के आधार पर यदि परिवहन निगम द्वारा 15 से 20 अतिरिक्त बसे उपलब्ध करायी जाती है, तो यात्रियों हेतु वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी और उन्हें वाहनों के लिये अधिक इन्तजार नहीं करना पड़ेगा। निर्देश दिए गए कि सम्बन्धित सम्भागीय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा वाहनों की आवश्यकता का मूल्यांकन कर लिया जाय और यात्रियों की संख्या के आधार पर वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय। उत्तराखण्ड परिवहन निगम से भी अतिरिक्त बसों की मांग के सम्बन्ध में निगम के अधिकारियों से वार्ता कर ली जाय और यह प्रयास किया जाय कि निगम की वाहनों को चारधाम के स्थान पर एक या दो धाम यात्रियों के आवागमन हेतु ही प्रयोग किया जाय, ताकि उक्त वाहने लम्बी अवधि तक धामों पर न फंसी रहे। सिटी बस स्कूल बस के चालकों को पर्वतीय मार्गों पर वाहन चलाने का अनुभव अपेक्षाकृत कम होता है। अतः यात्रा कार्य हेतु यदि अपरिहार्य हो तो ही सिटी बस स्कूल बस लिये जाने पर विचार किया जाय और उन्हें यात्रा मार्ग के स्थान पर ऋषिकेश–हरिद्वार–देहरादून इंटरसिटी संचालन में प्रयोग किया जाय।

# डीआईटी की अवंतिका को 1.25 करोड़ का पैकेज



क्राइम पेट्रोल संवाददाता

देहरादून। डीआईटी विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा अवंतिका ने 1.25 करोड़ के वार्षिक पैकेज के लिए अमेजॅन के साथ नौकरी हासिल करने के बाद एक नया बेंचमार्क स्थापित किया है। यह विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में उल्लेखनीय है जो अपने छात्रों के बीच इस तरह की सोच को प्रेरित करता है। अवंतिका उत्तर प्रदेश के शामली शहर की रहने वाली हैं। उन्होंने वर्ष 2020 में डीआईटी विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त की, जिसके बाद उन्होंने द स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य अमेरिका से डेटा साइंस में मास्टर डिग्री हासिल करने का फैसला किया। अवंतिका को अपने रोजगार की शुरुआत अमेजन के मुख्यालय, सिएटल, वाशिंगटन में चालू वर्ष के अगस्त महीने से करनी है। अवंतिका की प्रशंसित उपलब्धि के कारण, उनके परिवार को परिसर में आमंत्रित किया गया था, और विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो जी. रघुराम द्वारा एक स्मृति चिन्ह भेंट किया गया था। कुलपति ने भी विलक्षण प्रतिभा से बात की और उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर उनका गुणगान किया। उन्होंने अवंतिका को अपनी व्यक्तिगत और पेशेवर ओडिसी के लिए अपनी व्यावहारिक सलाह भी दी। अवंतिका ने कहा– डीआईटी मेरे लिए एक ऐसी जगह है जहां मैंने सही मायने में कल्पना करना, आकांक्षा करना और हासिल करना सीखा। डीआईटी को चुनना मेरे जीवन के सबसे फायदेमंद फैसलों में से एक साबित हुआ। इसके अलावा, मैं तकनीकी दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार एक आत्मविश्वासी व्यक्ति में बदलने के लिए करियर डेवलपमेंट सेल (सीडीसी) को धन्यवाद देना चाहती हूं। हर किसी के लिए मेरा संदेश सरल है, बाहर निकलो और चमको, और जीवन में कमियों के बावजूद कभी हार मत मानो।

# पारले एग्रो कर रही है समूचे भारत में किसानों और फल प्रसंस्करण साझेदारों के विकास के लिये अवसरों का निर्माण

नगर संवाददाता

देहरादून। भारत की सबसे बड़ी बेवरेज कंपनी पारले एग्रो, फ्रूटी और ऐपी जैसे फलों से बने प्रतिष्ठित बेवरेज ब्रांड्स बनाने में अग्रणी रही है। ये पेय पदार्थ लगभग हर भारतीय के दिलों पर राज करते हैं। देश और दुनिया भर में अपने उत्पादों की व्यापक मांग को पूरा करने के उद्देश्य से, पारले एग्रो अपने आंतरिक आधारभूत संरचना को अपडेट करने में ध्यान केंद्रित कर रही है। इसके साथ ही कंपनी समूचे भारत में अपने फल प्रसंस्करण साझेदारों की काबिलियत और क्षमताओं का निर्माण करने में तत्परता से काम भी कर रही है।

वर्ष 1985 से ही, पारले एग्रो ने भारत में फलों का उत्पादन करने वाले किसानों और प्रोसेसर्स के साथ लगातार काम किया है ताकि उन्हें आगे विकसित किया जा सके और उन्हें अपनी कमाई बढ़ाने के अवसर मिल पाएं। कंपनी इस दिशा में आगे बढ़ती जा रही है और उसने अपने प्रसंस्करण साझीदारों पर भारी निवेश किया है ताकि उन्हें अपनी उच्चतम क्षमता दिखाने में मदद मिल सके। इसके साथ ही कंपनी ने भारत से ही 100 प्रतिशत स्रोत का दृढ़ संकल्प लिया है। ऐतिहासिक रूप से पारले एग्रो ने हमेशा से भारत से फलों की आपूर्ति की है और चीन से भी आयात किया जा रहा था ताकि एप्पल जूस की उनकी जरूरतों को पूरा किया जा सके। लेकिन अब, कंपनी ने चीन से एप्पल




जूस के आयात को पूरी तरह से बंद कर दिया है और भारतीय किसानों के अपने नेटवर्क के माध्यम से पूरी तरह से अकेले भारत से इसकी आपूर्ति की जा सके। पारले एग्रो ने स्थिति को बदलने की दिशा में सक्रिय रूप से काम किया है, जिससे चीन से सभी एप्पल जूस के आयात को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है ताकि भारत से इनकी 100 प्रतिशत सोर्सिंग की जा सके। कंपनी ने जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में स्थित चार प्रोसेसर की फल प्रसंस्करण सुविधाओं को आगे बढ़ाने में सहायता की है।

इस अवसर पर, शौना चौहान, सीईओ, पारले एग्रो ने कहा कि पारले एग्रो, कच्चे माल और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के मामले में हमेशा ही 'भारत–केंद्रित' रहेगी। हमारा लक्ष्य भारत के आर्थिक रूप से निर्माण में योगदान देकर और पूरे भारत में छोटे किसानों और एसएमई और एमएसएमई के लिये अवसर पैदा करके भारत की शानदार विकास कहानी का हिस्सा बनना है। भारत में अपने साझीदारों की क्षमताओं में सुधार लाना और उनकी क्षमताओं का निर्माण करने और बेवरेज श्रेणी में बेहतरीन उत्पाद का निर्माण करने में अग्रणी रहना हमेशा से ही हमारा लक्ष्य रहा है।



## कंप्यूटर की दुकान में लगी आग

देहरादून, नगर संवाददाता। एक कॉम्प्लेक्स की पहली मंजिल पर एक कंप्यूटर की दुकान में आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखा सामान जल गया। रायवाला निवासी मोहम्मद रॉव इरशाद की हनुमान चौक के समीप एक कॉम्प्लेक्स की पहली मंजिल पर एक कंप्यूटर की दुकान है। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे इरशाद अपनी दुकान से बाहर किसी काम से गए थे। थोड़ी ही देर में पड़ोसी दुकानदार अब्दुल्ला का फोन आया कि उनकी दुकान में आग लग गई है। इरशाद तुरंत वापस दुकान तक पहुंचे। इससे पहले कई लोग दुकान में आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे। थोड़ी ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन तब तक दुकान में रखे कम्प्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर व एसी आदि समान जल गया था।

## महिला मित्र से विवाद के मामले को अपहरण बताकर पुलिस को 'छकाया'



देहरादून, स्टाफ रिपोर्टर। महिला मित्र से कार के अन्दर मारपीट करने के मामले को अपहरण का बता पुलिस को पूरी रात दौड़ा दिया। पुलिस ने कार बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लापरवाही से वाहन चलाने समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। उल्लेखनीय है कि गत रात्रि एक बेलोरो कार से युवती के अपहरण की सूचना मिलने से पुलिस विभाग में हडकम्प मच गया था। पुलिस ने पूरे शहर में चैकिंग अभियान चलाया इस दौरान वाहन को रोकने का भी प्रयास किया लेकिन वाहन चालक पुलिस वालों पर वाहन चढ़ाने का प्रयास करते हुए वाहन तेजी से भगा ले गया। देर रात पुलिस ने वाहन के नम्बर से वाहन स्वामी का पता लगा लिया। वाहन आईएसबीटी के पास रहने वाले पूर्व फौजी का था। वाहन स्वामी से पुलिस ने सम्पर्क किया तो उसने बताया कि उसका वाहन उसका चालक कौलागढ़ निवासी हिमांशु पुत्र विजय कुमार चला रहा है। देर रात्रि पुलिस ने वाहन को कौलागढ़ क्षेत्र से बरामद कर लिया। पुलिस अधीक्षक नगर सरिता डोबाल ने फोन पर बताया कि मामला अपहरण का नहीं था। पुलिस को यह सूचना मिली थी कि नेशविला रोड पर खड़े एक बुलेरो कार में महिला पुरूष बैठे थे तथा चालक द्वारा महिला के साथ मारपीट की जा रही थी जिसके बाद पुलिस ने वाहन की तलाश शुरू कर दी। वहीं धारा चौकी प्रभारी मिथुन कुमार ने बताया कि चालक रात्रि में ज्यादा शराब पीये हुए था तथा पुलिस के रोकने पर ड़र के कारण वह वाहन को तेजी से भगा ले गया।




## सोमवती अमावस्या को लेकर पुलिस कप्तान ने दिए निर्देश



हरिद्वार, स्टाफ रिपोर्टर। आगामी 30 मई को होने वाले सोमवती अमावस्या स्नान को लेकर गुरूवार को पुलिस कप्तान योगेंद्र सिंह रावत ने जिले के सभी सीओ और इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों के साथ बैठक की। आयोजित बैठक में सोमवती अमावस्या स्नान की तैयारियों की समीक्षा की गई। गुरूवार को आयोजित बैठक में हरिद्वार एसएसपी योगेंद्र सिंह रावत ने बताया कि 28 मई की रात से हरिद्वार हाईवे पर भारी वाहनों की एंट्री बंद कर दी जाएगी। स्नान की समाप्ति तक यह व्यवस्था लागू रहेगी। स्नान से एक दिन पूर्व ट्रैफिक प्लान लागू किया जाएगा। स्नान में 40 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। कोरोना काल के बाद पिछले दो साल से इस सोमवती अमावस्या पर ज्यादा श्रद्धालु हरिद्वार नहीं आ पाए थे, लेकिन अब सभी पाबंदियां हट चुकी हैं। स्कूलों की छुट्टियां भी हैं और यात्रा सीजन चल रहा है। ऐसे में सोमवती अमावस्या का स्नान पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होने वाला है। क्योंकि तीन साल पहले गर्मियों के सीजन में हुए सोमवती स्नान की भीड़ ने सभी को चौंका दिया था। तब एडीजी को खुद हरिद्वार आकर कमान संभालनी पड़ी थी। पिछले कुछ सालों में हुई सोमवती अमावस्या के स्नान में श्रद्धालुओं की संख्या लाखों में ही रही है। इसी को ध्यान में रखकर ट्रैफिक प्लान तैयार किया जा रहा है। दिल्ली से आने वाले वाहनों को बैरागी कैंप में ही पार्क कराया जाएगा, जबकि नजीबाबाद की ओर से आने वाले वाहनों को श्यामपुर में ही पार्क कराया जाएगा। हरीद्वार एसएसपी योगेंद्र सिंह रावत ने बताया कि सोमवती अमावस्या स्नान के लिए ट्रैफिक प्लान को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 28 या 29 से प्लान को लागू कर दिया जाएगा। 28 मई से हाईवे पर दबाव बढ़ने पर भारी वाहनों को बंद किया जाएगा। 30 मई स्नान समाप्त होने तक यह व्यवस्था रहेगी।

# ऊर्जा के क्षेत्र में हाइड्रो पॉवर का महत्व बढ़ा

विशेष संवाददाता

टिहरी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं केंद्रीय विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा आयोजित "जर्नी ऑफ टिहरी डैम" कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि टीएचडीसी की टिहरी यात्रा कार्यक्रम के प्रारम्भ से पूर्व अतीत की ओर देखें तो जल विद्युत की अपार संभावनाओं वाले इस राज्य में वर्ष 1906–07 से ही लघु जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना होने लगी थी। 1914 में मसूरी के भट्टाफॉल में स्थापित ग्लोगी जल विद्युत परियोजना जो मैसूर के बाद देश का दूसरा और उत्तर भारत का प्रथम विद्युत संयंत्र था। जिसका वर्तमान में पुनः कायाकल्प किया जा रहा है। समय के साथ–साथ ग्लोगी जल विद्युत परियोजनाओं से लेकर पंचेश्वर बांध परियोजना सहित लगभग 21 जल विद्युत परियोजनाओं में कई परियोजनायें निर्मित एवं क्रियाशील हैं, कुछ एक निर्माणाधीन हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल विद्युत परियोजना के इस सफर में टीएचडीसी का पदार्पण केन्द्र सरकार के माध्यम से 1989 में हुआ तथा 1990 में इस कार्पोरेशन को विस्थापित लोगों के पुनर्वास की भी जिम्मेदारी सौंपी गई। 2400 मेगावॉट विद्युत उत्पादन क्षमता वाली इस परियोजना में दो चरण हैं। प्रथम चरण में 1000 मेगावॉट की टिहरी बांध एवं जल विद्युत परियोजना है। द्वितीय चरण में 1000 मेगावाट की टिहरी पम्प स्टोरेज प्लान्ट तथा 400 मेगावाट की कोटेश्वर बांध एवं जल विद्युत परियोजना है। सरकार द्वारा गत वर्ष टीएचडीसी के जलाशय का जलस्तर 830 मीटर भरने की भी अनुमति प्रदान की गयी। सरकार के इस निर्णय से उत्पादन में, जो पहले 3000 मिलियन यूनिट थी, उसमें जलस्तर बढ़ोत्तरी से 20 मिलियन यूनिट अतिरिक्त विद्युत उत्पादन हो पाया है। जिससे 770 करोड़ रुपए की आय का प्रतिवर्ष बढ़ोत्तरी हो पा रही है।टिहरी बांध के अतिरिक्त ज्भ्क्ब्स् कोटश्वर हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट सहित अन्य हाइड्रो, सौलर, पवन ऊर्जा स्रोतों से विद्युत उत्पादन



कर रहा है तथा सौर ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भागीदारी निभा रहा है।उन्होंने आशा व्यक्त की कि ज्भ्क्ब्स् देश में ऊर्जा संचय में भारत सरकार की पहल में अग्रणी भूमिका बढ़ाते हुए शीघ्र ही टिहरी च्ैच् परियोजना को पूर्ण करेगा और देश के विभिन्न राज्यों में भारत सरकार द्वारा सौंपी गई विभिन्न स्टोरेज परियोजनाओं में भी द्रुत गति से कार्य आगे बढ़ायेगा। केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में हाइड्रो पॉवर का महत्व बहुत बढ़ गया। पर्यावरण को स्वच्छ बनाने की मुहिम में क्लीन सोर्सेज ऑफ एनर्जी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने टिहरी हाइड्रो बांध की क्षमता के पूरे उपयोग के लिए सहमति देने के लिए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जिन राज्यों के पास हाईड्रो पॉवर का पोटेंशियल है, उन राज्यों की आर्थिकी को बढ़ाने में हाईड्रो पॉवर की अहम भूमिका रही है। हाईड्रो पॉवर के क्षेत्र में उत्तराखंड में भी अनेक संभावनाएं हैं। हैं। उन्होंने कहा कि हाइड्रो प्रोजेक्ट बनाने में कठिनाई तो है, लेकिन समाधान सेंसिविटी से किया जाय तो हाइड्रो प्रोजेक्ट फायदेमंद होते है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि टिहरी हाइड्रो प्रोजेक्ट के अंश के लिए उत्तराखंड सरकार से जो मांग की गई है, उस पर न्यायोचित कार्यवाही की जाएगी। टिहरी बांध से संबंधित पुनर्वास के सभी लंबित मामलों का समाधान किया गया है। इस अवसर पर सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक किशोर उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष टिहरी सोना सजवान, सचिव ऊर्जा भारत सरकार आलोक कुमार, सीडीओ टिहरी नमामि बंसल, एसएसपी नवनीत भुल्लर, प्रबंध निदेशक टीएचडीसी राजीव विश्नोई मौजूद थे।



# 'भ्रष्टाचार' के खिलाफ यूकेडी ने दिया धरना

देहरादून, नगर संवाददाता। राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, भर्ती घोटाले बेरोजगारी आदि विषय को लेकर यूकेडी ने गांधी पार्क के समीप धरने के जरिए सरकारी सिस्टम को सचेत किया। यूकेडी की ओर से जिला प्रशासन के जरिए राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी प्रेषित किया गया। पूर्व केंद्रीय महामंत्री सुनील ध्यानी ने बताया कि राज्यपाल को प्रेषित ज्ञापन में यूकेडी का कहना कि उत्तराखंड राज्य जो देवभूमि हैं के बने 22 वर्षों मे राज्य मे व्याप्त भ्रष्टाचार, लगातार भर्ती घोटाले, बढ़ती बेरोजगारी को रोकने के लिए अभी तक की सरकारें असफल रही, बेहताशा बढ़ती महगाई ने आम आदमी की कमर तोड दी। राज्य के बने 22 वर्षों मे उत्तराखंड मे अपसंस्कृति के कारण सब कुछ बेलगाम हैं। उत्तराखंड क्रांति दल राज्य का एक जिम्मेदार और राज्य के हित मे खड़ा हैं जो राज्य को ऐसे अपसंस्कृति से बचाने के लिए लोकतान्त्रिक तरीके से समय समय पर सरकारों को चेताती रही हैं। इसलिए महामहिम महोदय जी दल की ओर से प्रेषित ज्ञापन के माध्यम से आपसे आग्रह करते हैं कि सरकार को आगाह करते हुए निम्न बिंदुओं पर कड़े और अति आवश्यक कदम उठायें। पूर्ववर्ती सरकार का भ्रष्टाचार रोकने के लिए 100 दिन मे लोकायुक्त लाने की बात शिगुफा निकला, जबकि राज्य मे लगातार सरकारी विभागों मे भर्ती घोटाला, भ्रष्टाचार जारी हैं, इसलिए महोदय दल मांग करता हैं कि लोकायुक्त अविलम्ब नियुक्त किया जाय।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक प्रवीन भारद्वाज द्वारा दून हाइट्स पब्लिकेशन, 12 किशनपुर राजपुर रोड, देहरादून से मुद्रित एवं 20 दिलाराम बाजार देहरादून, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। क्राइम पेट्रोल सांध्य दैनिक सम्पादक प्रवीन भारद्वाज मो. 9837625470, फैक्स : 0135-2740155 नोटः– समस्त विवादों का न्यायालय देहरादून क्षेत्र होगा।